To Construct the Roads

55. Sh. NEERAJ SHARMA (Faridabad Nit):-

Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state:-

a) whether the main roads and streets of Jeevan Nagar Part-1 and 2 of Ward No. 5 of Faridabad NIT Assembly Constituency are motorable togetherwith the present status thereof;

b) if not, the time by which the construction work of the roads and streets of the abovesaid area is likely to be completed;

c) whether the main roads and streets of the Ward No-5, Vaidh road Parvatiya colony of Faridabad NIT Assembly Constituency are in bad condition; d) if so, the time by which the said roads and streets are likely to be constructed; and

e) whether the Ward No -5, Jaldhar Park of Faridabad NIT Assembly Constituency is developed completely togetherwith its present status; if not, the time by which the said park is likely to be developed completely?

Dr. Kamal Gupta, Urban Local Bodies Minister

a) Sir, the roads of Jeevan Nagar Part-1 are motorable and constructed by laying interlocking paver blocks.

The roads in Jeevan Nagar Part-2 are Kaccha. However Municipal Corporation Faridabad has made these kaccha roads motorable by levelling from time to time.

b) Not applicable in view of a) part of the answer.

c) Sir, some roads and streets of Ward No-5, Vaidh road Parvatiya colony of Municipal Corporation Faridabad are not in good condition.

d) At present, there is no proposal under consideration with Municipal Corporation Faridabad for construction of roads and streets of Ward No-5, Vaidh road Parvatiya colony.

e) Municipal Corporation Faridabad has not developed Jaldhar Park of Faridabad NIT Constituency completely. At present two underground water tanks, one overhead water tank and a Government School exist in this campus. As per Public Health Engineering Department norms this area cannot be opened for general public due to safety reasons as this campus is used for supply of drinking water. Therefore this Jaldhar Park (Boosting campus) cannot be developed as a park for general public.

सड़कों का निर्माण करना

55. श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के वार्ड न. 5 के जीवन नगर पार्ट –1 तथा पार्ट –2 की मुख्य सड़कें तथा गलियां चलने योग्य हैं तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त क्षेत्र की सड़कों तथा गलियो का निमार्ण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

(ग) फरीदाबाद वार्ड न. 5, वैध रोड़ पर्वतीय कॉलोनी की मुख्य सड़कें तथा गलियां बुरी अवस्था में है;

(घ) यदि हाँ, तो उक्त सड़कों तथा गलियो का का निमार्ण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ड़) क्या फरीदाबाद के वार्ड न. 5, जलधर पार्क पूरी तरह विकसित है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; यदि नहीं, तो उक्त पार्क को कब तक पूरा विकसित किए जाने की संभावना है ?

डा0 कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

(क) श्रीमान जी, जीवन नगर पार्ट–1 की सड़कें चलने योग्य हैं और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाकर बनाई गई हैं।

जीवन नगर पार्ट–2 की सड़कें कच्ची हैं। हालांकि नगर निगम फरीदाबाद ने समय–समय पर इन कच्ची सड़कों का समतलीकरण कर चलने योग्य बनाया है।

(ख) (क) भाग के उत्तर को ध्यान में रखते हुए यह उपयुक्त नहीं हैं।

(ग) श्रीमान जी, नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नंबर–5, वैध रोड़ पर्वतीय कॉलोनी की कुछ सड़कों व गलियों की हालत ठीक नहीं है।

(घ) वर्तमान में नगर निगम फरीदाबाद के पास वार्ड संख्या–5, वैध रोड़ पर्वतीय कॉलोनी में सड़कों एवं गलियों के निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ड) नगर निगम फरीदाबाद ने फरीदाबाद एन आई टी निर्वाचन क्षेत्र के जलधर पार्क को पूरी तरह से विकसित नहीं किया है। वर्तमान में इस परिसर में दो भूमिगत पानी की टंकी, एक ओवरहेड पानी की टंकी और एक सरकारी स्कूल मौजूद है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के नियमों के अनुसार इस क्षेत्र को सुरक्षा कारणों से आम जनता के लिए नहीं खोला जा सकता है क्योंकि यह परिसर पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग किया जाता है। इसलिए इस जलधर पार्क (बूस्टिंग कैंपस) को आम जनता के लिए पार्क के रूप में विकसित नहीं किया जा सकता है।